समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# ‘टेस्ट क्रिकेट मे वो ही सफल हुए जिनके पास…’, विराट कोहली के रिटायरमेटं के बाद Anushka Sharma ने ये क्या कह दिया।

Publisher Published on 14 May 2025



## एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की है. इसमे उंन्होंने बताया कि टेस्ट क्रिकेट मे कैसे लोग सफल होते है.

क्रिकेटर विराट कोहली ने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट से रिटायरमेंट की अनाउंसमेंट कर दी है. विराट कोहली की टेस्ट क्रिकेट से रिटायरमेंट की अनाउंटमेंट से फैंस खुश नहीं है. विराट की पत्नी अनुष्का शर्मा भी लगातार इसपर पोस्ट कर रही हैं. उन्होंने विराट की तारीफ में पोस्ट किया था. अब उन्होंने इंस्टा स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर की है.

अनुष्का शर्मा ने शेयर की पोस्ट
अनुष्का शर्मा ने एक पोस्ट शेयर की है. इसमें लिखा है, ‘इसीलिए टेस्ट क्रिकेट में वो ही सफल हुए जिनके पास कहने को कोई कहानी थी. लंबी कहानी जो गीली, सूखी, देशी, विदेशी हर पिच पर लिख के भी खत्म न हो.’ अनुष्का ने इस पोस्ट के साथ व्हाइट इमोजी बनाया है.

मंगलवार को अनुष्का शर्मा और विराट कोहली प्रेमानंद महाराज के यहां पहुंचे थे. अनुष्का और विराट ने प्रेमानंद महाराज से प्रार्थना की. प्रेमानंद महाराज ने विराट और अनुष्का से पूछा था कि कैसे हो तो इस पर विराट ने कहा था- ठीक ही हैं. वहीं प्रेमानंद महाराज की बातें सुनकर अनुष्का शर्मा तो रोने लगी थीं. सोशल मीडिया पर अनुष्का शर्मा और विराट कोहली का वीडियो वायरल हैं.

अनुष्का शर्मा के वर्क फ्रंट की बात करें तो उन्हें पिछली बार फिल्म जीरो में देखा गया था. ये फिल्म 2018 में रिलीज हुई थी. इस फिल्म में अनुष्का शर्मा के अलावा शाहरुख खान और कैटरीना कैफ जैसे स्टार्स भी थे. जीरो के बाद से अनुष्का ने फिल्म कला में

कैमियो रोल प्ले किया. 2018 से वो किसी भी लीड रोल में नहीं दिखीं.

अनुष्का के हाथ में फिल्म चकदा एक्सप्रेस भी है. हालांकि, ये फिल्म रिलीज होगी या नहीं इसे लेकर कोई अपडेट सामने नहीं आया है. हाल ही में ऐसा कहा जा रहा था कि ये फिल्म ठंडे बस्ते में जा सकती है.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.